# प्रेस विज्ञप्ति

**दिनांक: 20 जुलाई 2026**

लीगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन समारोह

आज होटल प्रबंधन संस्थान , भम्भोली, यमुनानगर में विद्यार्थियों के लिए लीगल लिटरेसी क्लब की स्थापना की गई।

इस क्लब का उद्घाटन श्रीमती सुमित्रा कादियान जी , माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव , मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्जवलित करके किया। संस्थान ने यह क्लब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा -निर्देशों के अनुसार बनाया है।

इस क्लब का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कानूनी रूप से साक्षर बनाना है। छात्रों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में बताया जाएगा। कार्यशालाओं , सेमिनारों और जागरूकता अभियानों के माध्यम से यह काम किया जाएगा। इससे छात्रों में कानूनी जागरूकता बढ़ेगी और वे जिम्मेदार नागरिक बनेंगे।

मुख्य अतिथि श्रीमती सुमित्रा कादियान जी की उपस्थिति ने छात्रों को बहुत प्रेरित किया। उनके मार्गदर्शन से छात्रों को कानून का पालन करने वाला नागरिक बनने में मदद मिलेगी।

इस क्लब के संचालन के लिए एक टीम बनाई गई है। श्रीमती रेखा रानी , लाइब्रेरियन, इस टीम की संयोजक होंगी। छात्र अनुराग, अमनदीप, कुमकुम और संचित को भी इसकी जिम्मेदारी दी गई है।

कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य इंचार्ज डॉ. रजत गुप्ता, लाइब्रेरियन श्रीमती रेखा रानी और व्याख्याता डॉ. श्रीमती कमल दहिया ने किया। इस अवसर पर सभी अध्यापक, विद्यार्थी और कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि आज का युवा बहुत हुनरमंद है , लेकिन उन्हें सही मार्गदर्शन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि होटल प्रबंधन संस्थान (आई.एच.एम.), भम्भोली यमुनानगर युवाओं को कुशल और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

होटल प्रबंधन संस्थान (आई.एच.एम.), भम्भोली यमुनानगर में होटल प्रबंधन में स्नातक और डिप्लोमा के पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश राष्ट्रीय स्तर की संयुक्त प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होता है। यह परीक्षा एन सी एच एम सी टी द्वारा आयोजित की जाती है। भारत सरकार के निर्णय के अनुसार , स्नातक कक्षाओं में प्रवेश केवल इसी परीक्षा से होगा।

होटल प्रबंधन संस्थान (आई.एच.एम.), भम्भोली यमुनानगर का प्लेसमेंट रिकॉर्ड बहुत अच्छा है। संस्थान के छात्र देश-विदेश के प्रतिष्ठित पांच सितारा होटलों और अन्य सेवा क्षेत्रों में कार्यरत हैं। होटल प्रबंधन संस्थान (आई.एच.एम.), भम्भोली यमुनानगर के विद्यार्थियों को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा डिग्री दी जाती है। यह भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय और एन सी एच एम सी टी के बीच हुए समझौते के कारण संभव हुआ है।

इस अवसर पर डॉ. रजत गुप्ता, डॉ. श्रीमती कमल दहिया, श्री मुकेश कुमार, श्रीमती रेखा रानी, श्री राकेश, श्री विकास राणा और समस्त विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।